tration have identified 328 unregistered nursing homes in Delhi till date.

(b) The number of nursing homes registered during the last 3 years are as under:

Year	No of. Nursing Home registered
1990	1
1991	5
1992	3

(c) The Nursing Homes Act was enacted in 1953. The Delhi Administration have proposed to introduce certain amendments which *inter-alia* envisage provisions for speedier trail of cases, increase in levy of fine to deal with cases of defaulting nursing homes.

(d) The cases of registration are being examined in consultation with Delhi Development Authority which determines issues like land use.

हरियाणा में रसोई गैस एजेंसियों के विरुद्ध प्राप्त हुई शिकायतें

*315. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में अनेक रसोई गैस एजेंसियों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इन राज्यों के अनेक उच्च अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न रसोई गैस एजेंसियों के जन-विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उनके लाइसेन्स रद्द कर दिये जाने का अनुरोध किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त राज्यों में ऐसी रसोई गैस एजेंसियों की संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध 1 जनवरी, 1992 से लेकर आज तक सरकार द्वारा कार्यवाही की गई है और सरकार के विचाराधीन मामलों की संख्या सहित निरस्त और बंद किये गये मामलों की संख्या कितनी-कितनी है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ एल०पी०जी० वितरकों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई थीं। एल०पी० जी० का विपणन करने वाली तेल कम्पनियों ने 1 जनवरी, 1992 और 31 दिसम्बर, 1992 के मध्य 91 मामलों के विरुद्ध विपणन अनुशासन मार्ग निर्देशों के तहत कार्रवाई की गई। इस अवधि के दौरान कोई भी वितरण केन्द्र रद्द नहीं किया गया है।

दिल्ली में ट्रामाटोलोजी केन्द्र स्थापित किया जाना

*316. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली में दुर्घटनाओं के शिकार व्यक्तियों हेतु ट्रामाटोलोजी केन्द्र बनाने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इन केन्द्रों की कब तक स्थापना की जायेगी ; और

(ग) यदि उक्त भाग (क) का उत्तर "नहीं" है, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) दुर्घटना और अभिघात परिचर्या परिसर की स्थापना करने के लिए एक परियोजना तैयार की गई है।

(ख) इस परियोजना को शीघ्र कार्यान्वित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।